

Director
Mr. VIPIN JAIN SIR
(The Symbol of Trust)

Since 2011

19 April 2022

# MARVELLOUS

## (A Result Oriented Institute)

An Institute for Civil services Examination

Daily Current Affairs Booster

Follow us on

# Daily Current Affairs

UPSC | MPPSC | NTA NET | MP-SI


Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.)
Helpline & 9981983777, 8817983777, 0731-4370330
Website : marvellousinstitute.com

# 19 अप्रैल का इतिहास

- **1451 :** बहलोल लोदी ने दिल्ली पर कब्जा किया।
- **1910 :** हैली पुच्छल तारा पहली बार खुली आँखों से देखा गया।
- **1975 :** तत्कालीन सोवियत रूस की मदद से पहला भारतीय उपग्रह आर्यभट्ट प्रक्षेपित किया गया।
- **2006 :** प्रथम अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग को उनके द्वारा लाया गया चांद टुकड़ा भेंट किया गया।
- **1950 :** श्यामा प्रसाद मुखर्जी इस्तीफा देने वाली पहली कैबिनेट मंत्री बनी।

# 19 अप्रैल से संबंधित करेंट अफेयर्स


- ओडिशा के मुख्यमंत्री पटनायक ने राजधानी भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में FIH पुरूष हॉकी विश्व कप 2023 के लोगों का अनावरण किया। भुवनेश्वर और राउरकेला शहरो में आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित चतुष्कोणीय टूर्नामेंट 13 से 29 जनवरी तक निर्धारित है। हॉकी इंडिया और उसका आधिकारिक साझेदार ओडिशा वर्ष 2018 के बाद देश में लगातार दूसरी बार इस बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।
- साँस के नमूनों से कोविड-19 का पता लगाने वाली डिवाइस का परीक्षण किया गया। इसे खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा आपातकालीन उपयोग की अनुमति दी गई। इस डिवाइस को Inspectlr Covid-19 Breathalyzer नाम दिया गया। यह डिवाइस तीन मिनट से भी कम समय में अपना परिणाम दे सकती है। यह डिवाइस पॉजिटिव नमूनों की पहचान करने में 91.2% और नेगेटिव नमूनों की पहचान करने में 99.3% सटीक पाया गया। इसका उपयोग डॉक्टर के कार्यालयों, अस्पतालों और मोबाइल टेस्टिंग केंद्रों में किया जा सकता है। इस डिवाइस का उपयोग लाइसेंस प्राप्त स्वास्थ्य देखभाल संस्था की देख-रेख में किया जाएगा।
- न्यूजीलैंड ने पुरूष और महिला क्रिकेटरों के लिए पुरस्कारों की घोषणा की। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और व्हाइट फर्न्स की कप्तान सोफी डिवाइन को हाल ही में घोषित न्यूजीलैंड क्रिकेट अवार्ड्स 2022 में टी-20 इंटरनेशनल प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया।
- जाने माने भारतीय अर्थशास्त्री और राजनीतिक टिप्पणीकार, प्रभात पटनायक को मैल्कम आदिसेशिया पुरस्कार 2022 के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष मैल्कम और एलिजाबेथ आदिसेशिया ट्रस्ट द्वारा विशेष रूप से गठित राष्ट्रीय जूरी द्वारा प्रापत नामांकन से चुने गए एक उत्कृष्ट सामाजिक वैज्ञानिक को दिया जाता है। पुरस्कार में एक प्रशस्ति पत्र और 2 लाख रूपये की पुरस्कार राशि शामिल है। डॉ.पटनायक ने नई दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ सोशल साइंस के सेंटर फॉर इकॅनोमिक स्टडीज एंड प्लानिंग में पढ़ा चुके है। ओर केरल राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष रह चुके है।
- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने e-DAR नाम का पोर्टल विकसित किया है। e-DAR का अर्थ है e-Detailed Accident Report (ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट) है। यह वेब पोर्टल सरकार द्वारा बीमा कंपनियों के परामर्श से तैयार किया गया है। यह iRAD का विस्तार और ई-संस्करण होगा। यह सड़क दुर्घटनाओं की तत्काल जानकारी प्रदान करेगा। यह दुर्घटना मुआवजे के दावों में तेजी लाने में भी मदद करेगा।
- कोटक मंहिंद्रा बैंक ने कोटक FYN लॉन्च किया है। यह विशेष रूप से बिजनेस बैंकिंग और कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए डिजाइन किया गया एक नया उद्यम मंच है। बैंक के ग्राहक सभी व्यापार और सेवा लेनदेन करने के लिए पोर्टल का उपयोग कर सकते है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कोटक FYN पोर्टल में 2022 की चौथी तिमाही तक कई अन्य सेवाएं होंगी, जिसमें खाता सेवाएं, भुगतान और संग्रह शामिल है।
- भारत मौसम विभाग ने वर्ष 2022 के लिए अपना दीर्घावधि पूर्वानुमान जारी किया, जिसमें कहा गया है कि देश में लगातार चौथे वर्ष मानसून सामान्य रहने की संभावना है। इस वर्ष के लिये सामान्य दक्षिण-पश्चिम मानसून का पूर्वानुमान लगाते हुए IMD ने औसत वर्षा की परिभाषा को भी संशोधित किया है। प्रत्येक वर्ष IMD दो चरणों में पूर्वानुमान जारी करता हैः पहला अप्रैल में और दूसरा मई के अंतिम सप्ताह में, यह एक अधिक विस्तृत पूर्वानुमान है जो देश में मानसून से संबंधित जानकारी प्रदान करता है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गुजरात के कच्छ जिले के भुज में 200 बिस्तरों वाला के.के. पटेल सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल राष्ट्र को समर्पित किया है। यह अस्पताल भुज के श्री कच्छी लेवा पटेल समाज द्वारा बनाया गया है। यह अस्पताल कच्छ क्षेत्र का पहला चैरिटेबल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल है। यह लाखों सैनिकों, सैन्य कर्मियों और व्यापारियों सहित कच्छ के लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपचार की गारंटी देगा। यह पहल देश के हर जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की केंद्र सरकार की नीति के अनुरूप है ताकि भारत को अगले 10 वर्षों में रिकॉर्ड संख्या में डॉक्टर उपलब्ध हो सकें।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व यकृत दिवस (World Liver Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 18 अप्रैल (B) 19 अप्रैल
(C) 20 अप्रैल (D) 21 अप्रैल

**(B)** 19 अप्रैल को विश्व यकृति दिवस मनाया जाता है। यकृत मानव शरीर को स्वस्थ रखने के लिये डिटॉक्सिफिकेशन और पाचन सहित विभिन्न जटिल कार्य करता है। ज्ञात हो कि यकृत/लिवर मानव शरीर का दूसरा सबसे बड़ा अंग है और पाचनतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।




**2. उपग्रह प्रौद्योगिकी दिवस कब मनाया जाता है ?**

(A) 18 अप्रैल (B) 19 अप्रैल
(C) 20 अप्रैल (D) 21 अप्रैल

**(B)** 19 अप्रैल 1975 भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक ऐतिहासिक दिवस है। इस दिन भारतीय प्रथम उपग्रह आर्यभट्ट का सफलतापूर्वक प्रमोचन हुआ जो उपग्रह प्रौद्योगिकी के विकास के लिए अग्रणी बना। इस घटना की स्मृति में वर्ष 2020 से हर साल 19 अप्रैल को उपग्रह प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रही विविध उपलब्धियों को दर्शाते हुए प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है।



**3. स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप 2023 (Street Child Cricket World Cup 2023) की मेजबानी कौनसा देश करेगा ?**

(A) भारत (B) न्यूजीलैंड
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) इंग्लैंड

**(A)** भारत वर्ष 2023 में स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी करेगा। इस विश्व कप का आयोजन स्ट्रीट चाइल्ड यूनाइटेड और सेव द चिल्ड्रन इंडिया द्वारा किया जा रहा है। इस विश्व कप में भाग लेने वाले देश बांग्लादेश, बोलीविया, ब्राजील, बुरूंडी, इंग्लैंड, हंगरी, मॉरीशस, मैक्सिको, नेपाल, रवांडा, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, तंजानिया, युगांडा और जिम्बाब्वे है।



**4. हाल ही में Fino पेमेंट्स बैंक Paysprint की कितने प्रतिशत हिस्सेदारी की है ?**

(A) 7.9% (B) 10.18
(C) 11.7% (D) 12.19%

**(D)** फिनो पेमेंट्स बैंक ने घोषणा की कि उसके निदेशक मंडल ने नई दिल्ली स्थित फिनटेक पेसप्रिंट प्राइवेट लिमिटेड में 12.19 प्रतिशत अल्पसंख्यक रणनीतिक निवेश को मंजूरी दी है। फिनो पेमेंट्स बैंक सार्वजनिक होने के बाद अपना पहला रणनीतिक निवेश कर रहा है।




**5. हाल ही में किस देश के मुख्यमंत्री ने 2023 पुरूष हॉकी विश्वकप के लोगो का अनावरण किया है ?**

(A) केरल (B) उत्तर प्रदेश
(C) ओडिशा (D) तमिलनाडु

**(C)** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राजधानी भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में FIH पुरूष हॉकी विश्व कप 2023 के लोगों का अनावरण किया। भुवनेश्वर और राउरकेला शहरो में आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित चतुष्कोणीय टूर्नामेंट 13 से 29 जनवरी तक निर्धारित है।



**6. विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत की जीडीपी घटाकर कितने प्रतिशत किया ?**

(A) 5% (B) 6.5
(C) 8% (D) 9%

**(C)** विश्व बैंक ने अपनी द्वि-वार्षिक दक्षिण एशिया आर्थिक फोकस रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद के विकास के अनुमान को घटाकर 8% कर दिया है। यूक्रेन में हो रहे युद्ध के कारण वित्त वर्ष 2023 के विकास पर नकारात्मक प्रभाव है। इससे पहले जनवरी 2022 में वित्त वर्ष 23 के लिए विकास दर 8.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।




**7. किस राज्य सरकार ने पूर्व सैनिकों और युवाओं को राज्य से पलायन करने से रोकने के लिए हिम प्रहरी (Him Prahari) योजना को शुरू किया है ?**

(A) सिक्किम (B) उत्तराखंड
(C) अरूणाचल प्रदेश (D) हिमाचल प्रदेश

**(B)** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व सैनिकों और युवाओं को राज्य से पलायन करने से रोकने के लिए हिम प्रहरी योजना को शुरू किया है। इस योजना का उद्देश्य उत्तराखंड के सीमांत जिलों में अर्थात अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगे उत्तराकाशी, चमोली, पिथौरागढ़ जैसे जिलों में पलायन करने से युवाओं को रोकना ओर देश की सुरक्षा के हिसाब से वहां भारतीय आबादी को बसाना है।



**8. नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में तमिलनाडु ने किस राज्य को हराया है?**

(A) पंजाब (B) ओडिशा
(C) छत्तीसगढ़ (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** तमिलनाडु ने मौजूदा चैंपियन पंजाब को 87-69 से हराकर 71वीं सीनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में पुरूष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। महिलाओं के वर्ग में रेलवे ने पूनम चतुर्वेदी के 26 अंकों की मदद से तेलंगाना को 131-82 से हराकर खिताब जीता।



**9. हाल ही में UNDP और एडैप्टेशन इनोवेशन मार्केटप्लेस के भागीदारों ने भारत सहित 19 देशों के 22 स्थानीय नवोन्मेषकों के लिए क्लाइमेट एक्शन फंडिंग में कितने मिलियन के अनुदान की घोषणा की ?**

(A) 1.1 मिलियन डॉलर (B) 2.2 मिलियन डॉलर
(C) 3.3 मिलियन डॉलर (D) 4.4 मिलियन डॉलर

**(B)** एडैप्टेशन फंड क्लाइमेट इनोवेशन एक्सेलेरेटर विंडो के पहले दौर के फंडिंग से स्थानीय जलवायु कार्रवाई में सुधार होगा और पेरिस समझौते और सतत विकास लक्ष्यों की महत्वाकांक्षाओं की उपलब्धि में तेजी आएगी।



**10. द्विपक्षीय रक्षा सहयोग तंत्र को मजबूत करने के लिए 20वीं भारत-फ्रांस संयुक्त स्टाफ वार्ता का आयोजन कहां हुआ है ?**

(A) पेरिस (फ्रांस) (B) नई दिल्ली (भारत)
(C) कारकस्सोन्ने (फ्रांस) (D) बोर्डो (फ्रांस)

**(A)** द्विपक्षीय रक्षा सहयोग तंत्र को मजबूत करने के लिए 20वीं भारत-फ्रांस संयुक्त स्टाफ वार्ता का आयोजन फ्रांस की राजधानी पेरिस में हुआ है। भारत-फ्रांस संयुक्त वार्ता आयोजित करने का उद्देश्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय ब्लू इकॉनमी के आदान-प्रदान में सुधार करना तथा टिकाऊ और लचीला तटीय जलमार्ग बुनियादी ढांचा प्रदान करने में सहयोग करना है।



# MARVELLOUS

## INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES

(A RESULT ORIENTED INSTITUTE )

Since 2011

MPPSC की तैयारी के लिए VIPIN सर ही क्यों ?





**Director :-**
**MR. VIPIN JAIN SIR**
**(The Symbol of Trust)**

MSC Mathematics
MPA Public Administration , NET
MPH Philosophy (Gold Medalist) , NET
MPS Political Science , NET Qualified
MSO Sociology
MHD Hindi Literature Etc

Opposite Puma showroom, Tower Square, Indore
CONTACT :- 9981983777, 8817983777